# आकाशवाणी भोपाल

## आकाशवाणी मध्यप्रदेश
## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक 19.10.2024 समय: 7.10 PM

**मुख्य समाचार...**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल रीवा में निर्मित हवाई अड्डे का करेंगे वर्चुअली शुभारंभ।
- बेहतर परिवहन व्यवस्था से विकास के नए द्वार खुलेंगे, कहा केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने।
- अगले 24 घंटों में राज्य के कुछ जिलों में हल्की बारिश की संभावना।
- बेंगलुरू में पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को जीत के लिये 107 रन का लक्ष्य दिया।

<u>प्रधानमंत्री लोकार्पण</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बनारस से शाम 4 बजे वर्चुअली रीवा हवाई अड्डे का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 102 हेक्टेयर जमीन पर 300 करोड़ रूपये की लागत से बने इस हवाई अड्डे से पर्यटक और निवेशकों के लिये आवागमन सहज और सुगम हो जायेगा। यह विंध्य क्षेत्र के लिये ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 23 अक्टूबर को रीवा में प्रदेश की 5वीं रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। यह कॉन्क्लेव राज्य के औद्योगिक विकास को एक नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि इस कॉनक्लेव से रीवा और विंध्य क्षेत्र में निवेश आने से औद्योगिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव आयेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रीवा में होने वाली रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के पहले कल रीवा संभाग के उद्योगपतियों के साथ वर्चुअल संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा विंध्य क्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी देने के साथ सरकार की उद्योग नीति, प्रावधानों और उद्योगपतियों के लिये की गई व्यवस्थाओं से अवगत कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि विंध्य क्षेत्र में औद्योगिक विकास, कृषि, खाद्य प्र–संस्करण, हस्तशिल्प और पर्यटन के क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं हैं।

सड़क सेमिनार

केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि बुनियादी ढांचे की विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि परिवहन व्यवस्था बेहतर होगी तो विकास के नए द्वार खुलेंगे और रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे. श्री गडकरी आज भोपाल में मप्र लोक निर्माण विभाग और इंडियन रोड कांग्रेस द्वारा आयोजित सड़क और पुल निर्माण के क्षेत्र में उभरती नवीनतम प्रवृत्तियों और तकनीकों पर दो दिवसीय सम्मेलन के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वेस्ट टू वेल्थ की नीति का पालन करते हुए ग्रामीण सड़कों से लेकर

राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि वेस्ट के इस्तेमाल से वित्तीय लाभ होगा और कचरे से भी छुटकारा मिलेगा। श्री गडकरी ने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही सड़क इन्फ्रास्ट्रकचर को सुधारा जा सकता है।

नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री

वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस सम्मेलन से मध्यप्रदेश के इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास को नई गति मिलेगी और यह आयोजन राज्य की निर्माण परियोजनाओं को और सफल बनाने में सहायक होगा। सम्मेलन में विभिन्न तकनीकी सत्रों में देशभर से आए हुए विशेषज्ञ नई तकनीकों, निर्माण सामग्रियों और इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, कंस्ट्रक्शन एग्रीमेंट प्रक्रिया की चुनौतियों पर अपने विचार विमर्श करेंगे ।

पंजीयन

राज्य के 6 जिलों में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा के उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की अवधि 21 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि किसानों की मांग पर पंजीयन की अवधि नर्मदापुरम, रीवा, सतना, सिंगरौली, दमोह और बैतूल जिले के लिए बढ़ाई गई है।

गौरतलब है कि पूरे प्रदेश में 7 लाख 66 हजार से अधिक किसान पंजीयन कर चुके हैं। मोटे अनाज का उपार्जन 22 नवंबर और धान का उपार्जन 2 दिसंबर से किया जाएगा।

दिव्य कला मेला

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने आज जबलपुर में नमस्ते योजना के तहत सीवर एवम सेप्टिक टैंक कर्मियों को पीपीई किट और आयुष्मान कॉर्ड का वितरण कर सम्मानित किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय अधिकारिता मंत्री ने कहा कि स्वच्छता कर्मियों को कम ब्याज़ दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा । इस मौके पर उन्होंने जबलपुर मेडिकल कॉलेज में नशे के उपचार के लिए एटीएफ केन्द्र खोले जाने की घोषणा की। वहीं उन्होंने जबलपुर में 21वें दिव्य कला मेले का औपचारिक उद्घाटन किया । इसका समापन 27 अक्टूबर को होगा। मेले में देशभर के दिव्यांग कारीगरों की प्रतिभा, उद्यमिता और शिल्प कौशल से रूबरू होने का मौका मिलेगा। इसका आगाज केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तत्वावधान में 17 अक्टूबर को हो चुका है। 11 दिवसीय इस आयोजन में 20 से अधिक राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 100 से अधिक दिव्यांग उद्यमी और कारीगर हिस्सा ले रहे हैं।

राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस

राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस डिवीजन ने अपनी विशेष लाइव श्रृखंला आस्क अवर एक्सपर्टस की प्रथम कडी का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया है। इससे लोगों को सरकारी अधिकारियों और विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों

के साथ सीधे वार्तालाप का मंच उपलब्ध होगा और वे डिजीटल इंडिया उपायो के बारे में अपने प्रश्नो का समाधान करा सकेंगे।

इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा है कि डिजीटल इंडिया के यू–ट्यूब चैनल पर प्रसारित यह लाइव साप्ताहिक कार्यक्रम एक अनूठी पहल है जिससे सरकार को नागरिकों से जुडने का अवसर मिलेगा।

एनसीडब्ल्यू–अध्यक्ष

विजया रहाटकर को राष्ट्रीय महिला आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। महिला और बाल विकास मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की। वे महाराष्ट्र महिला आयोग की अध्यक्ष और औरंगाबाद की महापौर के रूप में काम कर चुकी हैं। सुश्री विजया रहाटकर ने भाजपा की राष्ट्रीय सचिव और पार्टी की महिला शाखा की अध्यक्ष के रूप में भी काम किया है। मंत्रालय ने राष्ट्रीय महिला आयोग के सदस्य के रूप में डॉ. अर्चना मजूमदार की नियुक्ति की भी अधिसूचना जारी की है।

मौसम

प्रदेश से मानसून लौट चुका है, लेकिन सिस्टम की सक्रियता की वजह से कई जिलों में बारिश का दौर जारी है। खासकर दक्षिणी हिस्से के जिलों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार, ट्रफ लाइन मध्य–पूर्व अरब सागर के ऊपर एक्टिव है, जो निम्न दाब क्षेत्र के रूप में बदल जाएगी। अगले 24 घंटे में अलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में गरज–चमक और हल्की बारिश हो सकती है। प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों के जिलों में बारिश के बीच गुलाबी ठंड का असर भी शुरू हो गया है। हिल स्टेशन पचमढ़ी में शुक्रवार को दिन का तापमान 28.6 डिग्री रहा था, जबकि न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री दर्ज किया गया। बैतूल में अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री रहा।

क्रिकेट

बेंगलुरू में पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को जीत के लिये 107 रन का लक्ष्य दिया है। मैच के चौथे दिन भारत ने दूसरी पारी में 462 रन बनाए। पहली पारी के आधार पर 356 रन सक पिछडने के बाद भारत ने 106 रन की बढत हासिल की। सरफराज खान ने 150 रन की पारी खेली, जबकि विकेटकीपर ऋषभ पंत मात्र एक रन से शतक से चूक गये। दोनों ने चौथे विकट के लिए 177 रन जोडे।

न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी और विलियम ने तीन–तीन विकेट लिए। भारत ने पहली पारी में 46 और न्यूजीलैंड ने 402 रन बनाए थे।

## समाचार संक्षेप में...

- मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के माध्यम से नर्मदापुरम जिले के केसला में वित्तीय साक्षरता, स्वच्छता ही सेवा और सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।
- आकाशवाणी खंडवा आज अपना 35 वां स्थापना मना रहा है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में खंडवा के साहित्यकार , समाजसेवी, संगीतप्रेमी, श्रोता और आकाशवाणी खंडवा के अधिकारी एवं कर्मचारी भी शामिल हुये।
- राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सीहोर में आगामी 24 अक्टूबर को एक दिवसीय उन्मुखीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
- मंदसौर में उद्यानिकी महाविद्यालय के छात्रों ने किसानों से फसल संबंधी जानकारी ली ।
- गुना कलेक्टर ने अवैध कालोनाइजर्स के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराये जाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।

-------------------------